शिया पी. जी. कालेज

[लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त मुस्लिम (शिया) अल्पसंख्यक संस्था]
कला, विज्ञान, वाणिज्य और विधि संकायों में छात्र एवं छात्राओं के शिक्षण हेतु।
सीतापुर रोड, लखनऊ – 226020 (उ0 प्र0) भारत॥

वेबसाइट : www.shiacollege.org **ई-मेल :** scdrc.shiacollege@gmail.com **फोन :** 0522-2743777

डॉ. मिर्ज़ा मोहम्मद अबु तैय्यब
निदेशक, प्रवेश-समिति

दिनांक : 07.04.2022

<u>प्रकाशनार्थ</u>

शिया पी0 जी0 कालेज, लखनऊ में सत्र 2022–23 के स्नातक तथा परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश फार्म मिलना दिनांक 11.04.2022 से आरम्भ होगा।

लखनऊ, 07.04.2022। शिया पी0 जी0 कालेज, लखनऊ ने **सत्र 2022–23 के स्नातक** स्तर पर बी0ए0/बी0एससी0/बी0कॉम0/बी0बी0ए0 तथा स्नातकोत्तर स्तर पर एम0ए0/एम0एससी0/एम0काम0/एलएल0बी प्रथम सेमेस्टर में **प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 11.04.2022 से ऑनलाइन विधि** से प्रारम्भ हो जाएगी। यह निर्णय आज एडमीशन कमेटी, शिया पी0 जी0 कालेज की हुई बैठक में लिया गया।

इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए प्रवेश समिति के निदेशक डॉ0 मिर्जा मोहम्मद अबु तय्यब ने बताया कि शुरूआती दिनों में केवल ऑनलाइन आवेदन होंगे जिसके लिए अभ्यर्थी महाविद्यालय के एडमिशन पोर्टल **www.shiapgcollege.ac.in** तथा महाविद्यालय की वेबसाइट **www.shiacollege.org** पर जाकर आवेदन कर सकता है। प्रवेश हेतु समस्त दिशा–निर्देश एडमीशन पोर्टल पर मिल जाएंगे।

उन्होंनें आगे कहा कि इण्टर का रिजल्ट आने के बाद ऑफलाइन फार्म भी आरम्भ किये जाएंगे। इस बार महाविद्यालय छात्रों की मदद के लिए दो हेल्पडेस्क भी बनाएगी जिसके माध्यम से छात्र अपने फार्म भर सकेगें और उनको साइबर कैफे में जाकर पैसा भी नही देना होगा। **स्नातक पाठ्यक्रम के प्रवेश फार्म का शुल्क रू0 750/– तथा परास्नातक तथा विधि पाठ्यक्रम के लिए रू0 850/– शुल्क देना होगा।** आज प्रवेश समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गये। बैठक में तय हुआ कि महाविद्यालय में दिव्यांग श्रेणी के अन्तर्गत जो भी अभ्यर्थी आवेदन करेगा और न्यूनतम अर्हता पूर्ण करता होगा उसको सीधे प्रवेश दिया जाएगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि आगामी सत्र से पी0सी0एम0 ग्रुप में छात्राओं का भी प्रवेश होगा। अभी तक प्रयोगशाला की कमी से यह प्रवेश नही हो पा रहे थे। प्रवेश समिति नें खिलाड़ियों के लिए भी वेटेज देने का फैसला किया।

डॉ0 तय्यब ने बताया प्रवेश सम्बन्धी किसी भी समस्या या आवश्यकता पड़ने पर अभ्यर्थी महाविद्यालय के सीतापुर रोड, परिसर पर सम्बन्धित काउंटर पर **प्रातः 11:00 बजे** से **अपरान्ह 4:00 बजे** तक सम्पर्क कर सकते है प्रवेश से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या अथवा जानकारी के लिये **ई–मेल आई0डी0–. admissions@shiapgcollege.ac.in** व **हेल्पलाइन नम्बर– 7080372122, 9682815122, 8090578428** से सम्पर्क कर सकते हैं।

डॉ0 एम0 एम0 अबु तैय्यब
समन्वयक, प्रवेश समिति